लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 101, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 2 मार्च 2025

**PAGE NO, 06, MIDDLE**

# प्राइजमनी टूर्नामेंट: एसआरएमएस बना विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएमएस टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 सीजन पांच का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया, जिसमें एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने ठेकेदार इलेवन को 30 रनों से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। टूर्नामेंट में चार पारियों में 222 रन बनाने वाले आईके कलेक्शन एसजी कैंट के खिलाड़ी सत्यम संगू को मैन ऑफ द सीरीज और फाइनल मैच में 43 गेंदों पर नौ चौके और चार छक्के मारकर 84 रन बनाने वाले एसआरएमएस के अनंतवीर को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में हुए फाइनल मैच में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी की। आठ ओवर में ही टीम के पांच खिलाड़ी 48 रनों पर पवेलियन लौट गए। जिसके बाद कप्तान अनंत भटनागर और अनंतवीर ने 138 रन की साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा और 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 211 रन बनाए। जीत के लिए 212 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ठेकेदार इलेवन के बल्लेबाज सेहरावत को प्रतिद्वंदी टीम के गोल्डी मलिक ने तीसरे ओवर में आउट कर दिया। ठेकेदार इलेवन ने 14 ओवर में तीन विकेट पर 117 रन बना लिए लेकिन नौ विकेट पर 19.3 ओवर में 181 रन ही बना सकी।

इस दौरान सीडीओ जग प्रवेश, पीएनबी के एजीएम उमेश अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति और इंजीनियरिंग कालेज के प्रिंसिपल डॉ. प्रभाकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।




एसआरएमएस क्रिकेट अकेडमी के खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ। ● अमृत विचार

- **टी-20 प्राइजमनी टूर्नामेंट में चार पारियों में 222 रन बनाने वाले सत्यम संगू बने मैन ऑफ द सीरीज**